## एक नजर में

### स्व. कुशवाह की स्मृति में नेत्र शिविर आज

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 30 अप्रैल,का.** हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रहे स्व. फूलसिंह कुशवाह की पुण्य स्मृति में श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार सुबह 9 बजे से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. राघवम जनकल्याण संस्थान एवं खुशियों का ओटला द्वारा कराया जा रहे इस शिविर में शुक्रवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलने वाले इस शिविर में क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को आंखों की जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. शिविर का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों तक बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है. शिविर में सेवा सदन के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मरीजों की जांच करेगी और आवश्यकतानुसार परामर्श देगी. जिन मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई जाएगी उनका चयन कर ऑपरेशन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी. स्व. कुशवाह की पुण्यतिथि के अवसर पर शाम 7 बजे नृसिंह गौशाला में धार्मिक एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ छप्पन भोग, गौमाता पूजन का कार्यक्रम रखा गया है.

### पैसेंजर ट्रेन से महिला की पायल चोरी

**ब्यावरा 30 अप्रैल,का.** बीना-नागदा पैसेंजर ट्रेन में ब्यावरा से उज्जैन की यात्रा कर रही एक बुजुर्ग महिला के पैरों से अज्ञात चोर ने 200 ग्राम वजनी चांदी की पायल चुरा ली. पीड़िता ने अपनी सीट के सामने बैठी एक महिला और पानी बेचने वाले पर संदेह जताया तो ब्यावरा जीआरपी ने पूछताछ कर उसे छोड़ दिया. जीआरपी उक्त वारदात को प्रारंभ में तो झुठलाती रही लेकिन जब पीड़ित महिलाओं ने विरोध दर्ज कराया तो बड़ी देर बाद अज्ञात के खिलाफकेस दर्ज किया. राजगढ़ के वार्ड 2 पुरा मोहल्ला निवासी संतोष बाई पत्नी रामचरण परिहार अपनी दो नातिनों के साथ ब्यावरा से उज्जैन शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी. दोपहर साढ़े 12 बजे ब्यावरा स्टेशन पहुंची .जिस डिब्बे में वह बैठी उसके सामने एक अज्ञात महिला भी ट्रेन में बैठी हुई थी. उसी समय एक युवक पानी की बोतल बेचने के लिए बार-बार वहां से निकल रहा था. सारंगपुर स्टेशन के पास जब उन्होंने अपने पैर में देखा तो उनके एक पैर से 200 ग्राम चांदी के एक पायल चोरी हो गई थी. महिला ने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी ने महिला और उसकी बेटी की शिकायत पर उक्त संदेही महिला व युवक को पकडकर पूछताछ की. महिला और उसकी बेटियों का आरोप है किए ब्यावरा जीआरपी ने 10 हजार रुपए कीमत दर्ज की है जबकि पायल की कीमत 50 हजार से भी अधिक है.

### सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**राजगढ़ 30 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा गुरुवार को परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं के तहत नियंत्रण कक्ष का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन हेतु उपयोग में लाए जा रहे सीलबंद वाहनों की स्थिति का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने केंद्रों पर स्थापित बायोमेट्रिक मशीनों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उनकी सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# संतरे के बगीचे में मिला लापता ग्रामीण का शव

## 28 अप्रैल से लापता अधेड़ का शव खराब स्थिति में मिला, सड़ने लगा था शरीर, पुलिस जांच में जुटी

**जिस संतरे के खेत में काम करता था, उसी में मिला शव खेत मालिक ने की पहचान, पुलिस को दी सूचना**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 30 अप्रैल, सं. समीपस्थ ग्राम जामुनिया में एक खेत में शव मिलने से सनसनी फैल गई. खेत मालिक ने शव की पहचान की और पुलिस को सूचना दी. शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है और काफी खराब हो गया है. शव में कीड़े पड़ चुके है. घटना गुरुवार दोपहर की है.**

संतरे के बगीचे के अंदर एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव पड़ा मिला. सूचना मिलते ही खिलचीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

इधर मामले की सूचना मिलने पर गांव में कौतूहल की स्थिति निर्मित हो गई. अधेड़ के लापता होने के बाद लोग उन्हें यहां वहां आसपास के गांवों, स्थानों पर ढूंढ रहे थे लेकिन उनका शव उसी खेत में मिला.



### 15 सालों से उसी खेत में हाली का काम करता था

मृतक की पहचान माधुलाल (55) मालवीय निवासी दोलाज गांव के रूप में हुई है. वह पिछले करीब 15 सालों से जामुनिया गांव में रामप्रताप दांगी के यहां हाली के रूप में रहकर खेती-किसानी का काम करता था और वहीं रह रहा था. बताया गया कि उसकी पत्नी सालों पहले उसे छोड़कर चली गई थी और उसकी कोई संतान भी नहीं थी. माधुलाल का शव जिस संतरे के खेत में मिला वह उसी में मजदूरी का काम करता था. खेत के मालिक और अन्य लोगों ने कपड़ों व अन्य आधार पर उसकी पहचान की. माधुलाल 28 तारीख से लापता था. उसने रिश्तेदार के यहां शादी में जाने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा था और कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था. गुरुवार सुबह गांव के ही राधेश्याम जब बगीचे में पहुंचे, तो उन्हें जमीन पर शव पड़ा दिखा. शव से तेज बदबू आ रही थी.

# जहरीला पदार्थ पीने से युवक की हालत बिगड़ी

## खून की उल्टियों के बीच अस्पताल में बिगड़ी हालत, जिला अस्पताल रेफर

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 30 अप्रैल, सं.** कुलीखेड़ा गांव में गुरूवार को एक युवक ने जहर पी लिया. जिससे उसकी हालत बिगड़ गई. युवक का नाम 25 वर्षीय युवक सुजान दांगी के रूप में सामने आया है. घटना का पता चलते ही परिजन उसे गंभीर हालत में खिलचीपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचते ही युवक ने खून की उल्टियां करना शुरू कर दिया, जिससे स्थिति और ज्यादा चिंताजनक हो गई. इलाज के दौरान युवक ने कराहते हुए मुझे अब नहीं जीना जैसे शब्द दोहरा रहा था. घटना के बाद मौजूद परिजन और लोग भावुक हो उठे. जानकारी के



अनुसार, सुजान अपने पिता रामप्रताप दांगी, मां रेशम बाई, बहन मांगीबाई के साथ खेत पर रहता था. गुरुवार दोपहर वह खेत के पास स्थित कुएं के पास बैठा मिला, जहां वह उल्टियां कर रहा था. बहन के पूछने पर उसने खुद बताया कि उसने जहरीली दवा पी ली है. इसके बाद बहन ने तुरंत फोन कर परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी. बनवारी सहित परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल लेकर गए. अस्पताल में उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और वह खून की उल्टियां करने लगा. कुछ देर बाद पिता रामप्रताप भी अस्पताल पहुंचे और बेटे की हालत देख फूट-फूटकर रो पड़े. डॉक्टरों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है.

# बिजली वितरण व्यवस्था को लेकर हाहाकार

## 3 मई तक का अल्टीमेटम, 4 को धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 30 अप्रैल, सं. गुरुवार को खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के पदाधिकारी ओर सदस्य विद्युत मंडल के कार्यालय में सुबह 11.45 बजे पहुंचे. सभी सदस्यों ने एमपीबीके अस्सिटेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर से मिलना चाहा. परंतु दोनों अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे. खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यालय में उपस्थित कर्मचारियों से चर्चा कर शहर सारंगपुर की विद्युत वितरण अव्यवस्थाओं के मामले में अवगत कराया.**

जिसमें की लोड सेटिंग के नाम पर, हवा आंधी तूफान चलने के नाम पर, और मेंटेनेंस के नाम पर हर कभी पूरे शहर सारंगपुर की बिजली बंद कर दी जाती है. इस अघोषित कटोत्री से पूरे शहर में हाहाकार मचा हुआ है. 42 से 44 डिग्री तापमान होने से पूरा शहर त्रस्त है समय पर बिजली ना मिलने से पेयजल व्यवस्था चरमरा चुकी है. शहर में जगह-जगह हर कभी फाल्ट हो जाते हैं. खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के संयोजक निजाम कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया की एमपीईबी सारंगपुर के गैर जिम्मेदार रवैये से पूरे शहर में बिजली वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है और ऐसी भयानक गर्मी के मौसम में शहर के सभी बिजली उपभोक्ता परेशान है. खेड़ापति



बिजली उपभोक्ता संघ के संयोजक निजाम कुरैशी ने आगे जानकारी देते हुए बताया इसी प्रकार पुष्पद कॉलोनी बजरंग कॉलोनी और बादशाह कॉलोनी के कनेक्शन को शहरी क्षेत्र से काटकर ग्रामीण क्षेत्र से सवा दो महीने पहले जोड़ दिया गया था. जिस कारण से इन कॉलोनी वासियों को ग्रामीण क्षेत्र से जोड़ा था.

रेलवे ट्रैक की अंदर केवल के जॉइंट खराब होने के कारण यह व्यवस्थाएं एमपीईबी ने दी थी. खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के संयोजक निजाम कुरैशी ने चेतावनी देते हुए कहा की शहर सारंगपुर की विद्युत वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से जल्द से जल्द चालू की जाए और इन तीन कॉलोनी वासियों को वापस शहरी क्षेत्र से जोड़ा जाए यदि 3 मई तक इन सभी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो 4 मई को खेड़ापति बिजली उपभोक्ता संघ के बैनर तले शहर सारंगपुर के बिजली उपभोक्ता शांतिपूर्वक तरीके से एमपीईबी कार्यालय का घेराव करेंगे. धरना प्रदर्शन करेंगे. संडावता रोड पर चक्का जाम भी किया जाएगा.

# झगड़ा न देने पर भूसे के ढेर में आग लगाई

## 5 लाख रूपये मांग रहे थे झगड़े के, प्याज की फसल उखाड़ी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 अप्रैल,का. समीपस्था ग्राम जगन्यापुरा में नातरा के झगड़े का निराकरण 5 लाख रुपए में करने व यह राशि नहीं देने के मामले में आरोपी द्वारा भूसे के ढेरों में आग लगाकर नुकसान कर दिया. इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

पुलिस ने बताया किए कंवरलाल सौंधिया अपने बेटे देवराज सौंधिया की सगाई देहरीखेडा के छगन सिंह की बेटी रवीना से की थी. जिसकी शादी 28 अप्रैल को बामलाबे जोड़ पर हुए सम्मेलन में हुई. रवीना की शादी करीब 4 साल पहले लाल तलाई के अमृतलाल सौंधिया के बेटे हरिओम के साथ हुई थी. 2 साल पहले रवीना को उसके ससुराल वालों ने झूठे इल्जाम लगाकर छोड दिया था. छह माह पहले रवीना के पति हरिओम व ससुरालियों ने उसे शादी अन्यत्र करने की सहमति दे दी थी. इसके बाद रवीना के माता पिता ने उसकी शादी देवराज से कर दी. इस शादी के बाद लाल तलाई के हरिओम व उसके पिता अमृतलाल सौंधिया फरियादी से 5 लाख रुपए झगड़े के मांग रहे हैं. पैसे नहीं देने पर हरिओम व उसके पिता अमृतलाल सौंधिया ने खेत में पड़े भूसे के ढेरों में आग लगा दी. आरोपियों को ग्रामीणों ने देख लेने पर पकड़ने की कोशिश की तो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले. उन्होंने परिवार के अन्य सदस्य रूपसिंह के खेत की प्याज भी उखड़कर नुकसान पहुंचाया. पुलिस ने कंवरलाल सौंधिया की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### पति ने मारा तो पत्नि ने लिखाई रिपोर्ट

**ब्यावरा 30 अप्रैल,का.** राजगढ़ तहसील के ग्राम आंबा में घरेलू बातों को लेकर जब एक महिला के साथ उसके पति ने डंडे से मारपीट की तो उसने पति की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी. कालीपीठ पुलिस के अनुसार चंद्रकला पत्नी कमल सिहं सौंधिया 38 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार रात को जब वह बर्तन मांज रही थी. उसी दौरान कमल सिंह घरेलू बातों को लेकर गालियां देने लगा. इस बात से दु:खी होने के बाद समझाईश भी दे पर वह नहीं माना. गालियां देने का मना करने से गुस्साएं पति ने पत्नि पर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे चंद्रकला के सिर में चोंट आ गई. सिर से खून निकलने के बाद महिला ने अपने पति की पुलिस में रिपोर्ट लिखाई. पुलिस ने मामाला दर्ज कर लिया है.

### रियासतकालीन नृसिंह प्रतिमा की पूजा



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 अप्रैल, का.** किला क्षेत्र स्थित रियासतकालीन नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर में नरसिंह जयंती के अवसर पर दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही. शाम के समय भव्य महाआरती का आयोजन किया गया.इस अवसर पर पंडित दिनेश नागर द्वारा भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा. महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया.

# चालक के रिटायरमेंट पर सीईओ ने गाड़ी चलाई

## जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने सेवानिवृत्ति पर दिया विशेष सम्मान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 अप्रैल, का. जिला पंचायत राजगढ़ में 30 मई गुरुवार को सेवानिवृत्त हो रहे वाहन चालक के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया।यह अवसर भावनात्मक होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी रहा, जब मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने अपने वाहन चालक की वर्षों की निष्ठापूर्ण सेवा को सम्मान देते हुए उन्हें विशेष सम्मान प्रदान किया.**

विदाई समारोह के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला



पंचायत डॉ. गढ़पाले ने वाहन चालक की कार्यनिष्ठा, समयपालन, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता में प्रत्येक कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सेवानिवृत्त वाहन चालक को अपनी स्वयं की सीट पर सम्मानपूर्वक बैठाया तथा स्वयं वाहन चालक की भूमिका निभाते हुए वाहन चलाकर उन्हें विदाई दी.

# नहीं मिले डॉक्टर तो अस्पताल गेट पर जड़ा ताला

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 30 अप्रैल, सं.** स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लापरवाही एक बार फिर सामने आई, जब मंगलवार रात्रि को सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवकों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला. इस घटना से आक्रोशित परिजनों और समाजजनों ने अस्पताल के मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे करीब एक घंटे से अधिक हंगामे की स्थिति बनी रही. जानकारी के अनुसार, संडावता निवासी कमल पिता जगन्नाथ कुशवाह नलखेड़ा से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे, तभी समीपस्थ ग्राम नांदनी के पास उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक सहित अन्य घायलों को तत्काल छापीहेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, लेकिन यहां पहुंचने पर अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला.

घायलों को बिना उपचार के तड़पता देख परिजनों और कुशवाहा समाज के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. लोगों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में रात के समय अक्सर डॉक्टर नदारद रहते हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी नाराजगी के चलते लोगों ने अस्पताल के गेट पर ताला जड़ दिया और जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी.

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया. पुलिस ने समझाइश देकर भीड़ को शांत कराया. इस दौरान डॉक्टर डी.आर. पच्चीसीया को मौके पर बुलाया गया. पूछताछ में सामने आया कि घायलों के लिए केवल रेफर पर्ची बना दी गई थी, जबकि दोनों डॉक्टर डक्टर अस्पताल में नहीं थे.

# गांवों की समस्याओं के लिए आंदोलन करेगी कांग्रेस

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 30 अप्रैल, सं.** कांग्रेस पार्टी विधानसभा क्षेत्र के हर छोटे-बड़े गांव में रहने वाले आम नागरिकों की हर छोटी बड़ी समस्या के लिए गांव-गांव में आंदोलन करेगी. उक्त बात पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने स्थानीय महावीर आश्रम बड़ा बाग परिसर में गुरुवार दोपहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया. जिला कांग्रेस के निर्देशन में सुठालिया कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर आयोजित की गई. बैठक में नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी में मनोनित सचिव सरदार सिंह सौंधिया, नवागत ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया, किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गिरवर बना का स्वागत किया. बैठक को विधानसभा प्रभारी चंदर सिंह गुर्जर, पूर्व जनपद अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह टोडी ने संबोधित किया. इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्याम पालीवाल, मोहन लोधी, निखिल राज सिंह, पं.उमेश मिश्रा, नगर इंकाध्यक्ष मिथुन सिलावट, उपाध्यक्ष नप प्रदीप सिंह परमार, पार्षद रामबाबू कुशवाह, रांझा खान, दुल्लाशाह मालवीय, पर्वत सिंह सोधिया खनोटा, घीसालाल व्यास, रघुवीर सिंह सोधिया, मोहन यादव, संजू बना, राधेश्याम लोधी, सोहन सौंधिया शामिल रहे.

**रिजल्ट** जिले में आईसीएसई स्कूलों ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिए, 96 प्रतिशत पर टॉपर रहे

# आईसीएसई परीक्षा : राजेश्वर कॉन्वेंट का रिजल्ट शतप्रतिशत



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 अप्रैल, का.** गुरूवार को संस्था राजेश्वर कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल की संस्था आईसीएसई बोर्ड द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं का रिजल्ट घोषित किया गया. कक्षा 12 वीं में मंथन साहू ने गणित संकाय में 96.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, हर्षिता गुप्ता ने 95.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं निश्का प्रजापति ने 90.50 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. विज्ञान संकाय में मनीषा तंवर ने 85.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान विनायक शुक्ला ने 84.25 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं रियांशी खत्री ने 82.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं कक्षा 10 वीं में लक्ष्य साहू ने 95 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त, आराध्या सगर ने 94.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा. इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री फादर अगस्टिन, प्राचार्या सिस्टर टेस्लिन एवं समस्त शिक्षकगण ने उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.

### प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**ब्यावरा 30 अप्रैल, का.** इस वर्ष आयोजित आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा है. विद्यालय




के छात्र आर्यन गुप्ता ने 93 .6त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. उन्होंने राजगढ़ जिले में भी तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया. द्वितीय स्थान पर एनी अग्रवाल ने 92 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और जिले में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान पर मानशा साहू ने 92 .4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में स्थान बनाया तथा जिले में पाँचवाँ स्थान हासिल किया. अयाज़ खान ने 91 .2 प्रति. अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया तथा विनायक पालीवाल ने 88 .4 प्रति. अंकों के साथ पांचवा स्थान हासिल किया. इस वर्ष विद्यालय के कुल 80 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 78 विद्यार्थियों का परिणाम 60 प्रतिशत से अधिक रहा. विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा.

!! चतुर्दश पुण्य स्मरण !!



स्व. श्री रामगोपालजी व्यास बाबूजी
देहावसान: मंगलवार, 01 मई 2012
देहिनोसिमन्यथा देहे कौमारं यौवनं जरा !
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति!!
जैसे जीवात्मा इस देह में बालकपन, जवानी और वृद्धावस्था होती हैं,
वैसे ही अन्य शरीर की प्राप्ति होती है, उस विषय में धीर पुरूष मोहित नहीं होता
श्रद्धानवत्: व्यास परिवार, जूना ब्यावरा